शनिवार
18 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



ऐतिहासिक होगा सम्राट अशोक की जयंती का कार्यक्रम, अमित शाह आएंगे 2



# यूपी के संभल में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से 14 लोगों की मौत

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र में एक निजी कोल्ड स्टोरेज के चैंबर की छत ढहने से मलबे में दबकर मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 14 हो गई। परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक शलभ माथुर ने यह जानकारी दी। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घटना के पीछे के कारणों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया, चंदौसी थाना क्षेत्र के मई गांव में इस्लाम नगर मार्ग पर स्थित एक निजी कोल्ड स्टोरेज के चैंबर की छत गुरुवार को अचानक ढह गई। इस घटना में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। लखनऊ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने प्रत्येक मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे में घायल लोगों को निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की



### आयुक्त-डीआईजी के नेतृत्व में जांच समिति गठित

मुख्यमंत्री ने आयुक्त और डीआईजी, मुरादाबाद के नेतृत्व में एक जांच समिति भी गठित की है, जो कोल्ड स्टोरेज ढहने के कारणों की जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपेगी। डीएम बंसल ने बताया कि मलबे में से कंक्रीट और अन्य निर्माण सामग्री हटा ली गई है और अब आलू के बोरों को निकालने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि हादसे के शिकार कुछ अन्य लोगों के भी मलबे में दबे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में राहत और बचाव कार्य जारी है। परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक शलभ माथुर ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज से अभी तक 21 लोगों को निकाला जा चुका है, जिनमें से दस की मौत हो चुकी है और बाकी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभल के जिलाधिकारी बंसल ने बताया कि छह घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### कोल्ड स्टोरेज में क्षमता से अधिक रखा गया था आलू

माथुर ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस के सिलिंडर रखे होने की वजह से राहत और बचाव कार्य में बहुत एहतियात बरती जा रही है। माथुर ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के मालिक अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अंकुर और रोहित घटना के बाद से फरार हैं और दोनों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम लगाई गई है। माथुर ने कहा कि प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराई जाएगी। कोल्ड स्टोरेज का जो हिस्सा ढहा है, वो तीन माह पहले ही बनाया गया था, लेकिन इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। इसके अलावा, कोल्ड स्टोरेज में क्षमता से अधिक मात्रा में आलू रखा गया था।

# कश्मीर में मारे गए आतंकी का बेटा कटिहार से गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपित कश्मीर के बारामूला का रहने वाला
- आरोपित कटिहार कैसे व किस उद्देश्य से पहुंचा इसका पता नहीं

**केटी न्यूज/कटिहार**

बिहार के कटिहार में पुलिस ने शहर के शहीद चौक से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। युवक कश्मीर में एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात आतंकी का बेटा है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी ने बताया कि युवक को संदेहास्पद स्थिति में पकड़ा गया। उसने अपना नाम नासिर पिता का नाम यूसुफ बताया है। जानकारी के अनुसार, शहर के शहीद चौक पर रेकी करते हुए नासिर वजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नासिर का पिता कुख्यात आतंकी युसूफ वजा एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया था। नासिर की गिरफ्तारी में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। गिरफ्तार आरोपित कश्मीर के बारामूला का रहने वाला है। वह कुछ वर्ष तक फिनलैंड में भी रहा। वर्ष 2021 में फिनलैंड से वापस कश्मीर पहुंचा। नासिर कटिहार कैसे व किस उद्देश्य से पहुंचा इस संबंध में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने कुछ भी बताने से तत्काल इनकार किया है। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि आरोपित युवक के परिवार में और कौन हैं तथा क्या करते हैं इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस से भी इस संबंध में संपर्क किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### बीजेपी का आरोप, केजरीवाल के घर रची गई थी शराब घोटाले की साजिश

**नई दिल्ली।** भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की शराब नीतियों में परिवर्तन कर भ्रष्टाचार से काली कमाई करने की साजिश अरविंद केजरीवाल के घर पर रची गई। जिस बैठक में शराब नीतियों में परिवर्तन का निर्णय लिया गया, उसमें केजरीवाल के साथ-साथ सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और आप पार्टी के कई शीर्ष नेता उपस्थित थे। भाजपा का आरोप है कि इससे आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचारी मॉडल का पदार्फाश हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि देश की न्यायिक प्रणाली अपने अनुसार भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई कर रही है, और जो लोग भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएंगे, उन पर कानून की प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि देश में जिन राजनीतिक दलों ने अपने ऊपर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है, उनमें से लगभग सभी पर 2014 के पहले ही भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए गए थे। इसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य सभी पार्टियों के नेता शामिल हैं। ऐसे में यह आरोप सही नहीं है कि राजनीतिक द्वेष के कारण किसी नेता पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तथ्यों के प्रकाश में यह साबित हो गया है कि आम आदमी पार्टी के सभी नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

**बिहार में बढ़ता अपराध : अपराधियों ने धमकाया, शिकायत की तो बच्चे की जान ले लेंगे**

# बिहटा में छात्र का अपहरण, फोन पर मांगी 40 लाख रु. की फिरौती

- बिहटा के श्रीरामपुर निवासी शिक्षक राज किशोर पंडित का इकलौता बेटा है अपहृत छात्र
- परिवार वालों को सता रही अनहोनी की आशंका, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**केटी न्यूज/पटना**



पटना जिला के बिहटा से छठी कक्षा के छात्र तुषार (12) का अपहरण हो गया है। अपराधियों ने छोड़ने के बदले 40 लाख की फिरौती मांगी है। अपराधियों ने छात्र के ही मोबाइल से मैसेज भेजा है। इसमें लिखा कि कल फोन ऑन करेंगे। शुक्रवार सुबह 11 बजे तक पैसों का इंतजाम हो जाए तो बेटे के फोन पर यस लिखकर मैसेज भेज देना। तुम्हें समझ में नहीं आ रहा है कि तुम्हारा बच्चा मेरे कब्जे में है। पुलिस में गए तो पैसा लेने के पहले ही उसे मार दूंगा। तेरा बच्चा मुझे नहीं पहचानता है। आगे जो होगा तुम जिम्मेदार होगे।

इतना ही नहीं अपराधियों ने वॉइस मैसज भी भेजा है। इसमें कहा गया कि तुम पर हमारी नजर है। पुलिस से शिकायत भूलकर भी मत करना। अगर शिकायत किया तो तुषार को जान से मार दूंगा। शुक्रवार रात 8 बजे तक 40 लाख रुपए नहीं मिले तो तुषार को मैं जान से मार दूंगा। पुलिस में जाने की गलती मत करना, नहीं तो तुम्हारे बच्चे को मार दूंगा। यह मैसेज पढ़कर परिवार दहशत में आ गए। परिवार वालों को अनहोनी की आशंका सता रही है। उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

**गुरुवार शाम तुषार घर से बाहर निकला था:** छात्र की पहचान बिहटा प्रखंड के श्रीरामपुर निवासी शिक्षक राज किशोर पंडित के इकलौते पुत्र कक्षा छह के छात्र तुषार कुमार के रूप में हुई। राज किशोर पंडित ने बताया कि तुषार कन्हौली गांव स्थित एक निजी कोचिंग सेंटर से लगभग साढ़े छह बजे पढ़कर घर पर आया था। उसके बाद खेलने के लिए बोलककर घर से बाहर निकल गया। देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो हमलोगों को चिंता होने लगी। काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। उसके मोबाइल पर कॉल किया लेकिन वह भी बंद बता रहा था। स्वजनों ने तुषार के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। इसके बाद लोगों ने तुषार की खोजबीन शुरू की। शुक्रवार सुबह उसे मोबाइल से वॉइस मैसेज आया। तब पता चला कि उसका अपहरण हो गया है। छोड़ने के बदले 40 लाख रुपए मांगे जा रहे हैं। पुलिस से अपील है कि इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों की गिरफ्तारी करे। साथ ही पुलिस से शिकायत करने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी गयी है। इस मामले में लिखित शिकायत थाने में देकर उन्होंने अपने बेटे की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सनोवर खान ने बताया कि कन्हौली गांव निवासी एक छात्र के अपहरण होने की सूचना मिली है। पीड़ित परिवार के द्वारा लिखित शिकायत थाने में दर्ज की गयी है। शिकायत के आधार पर आगे की करवाई की जा रही है। फिलहाल अपहरणकर्ता छात्र का मोबाइल रात से ही बंद बताया जा रहा है। जिससे सर्विलांस पर रखकर जांच किया जा रहा है।

### बेतिया में यज्ञ देखकर लौट रही नाबालिग लड़की का अपहरण

**बेतिया।** बेतिया में एक नाबालिग लड़की (16) का अपहरण का मामला सामने आया है। मामला जिले के मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां यज्ञ देखकर अपनी मां के साथ घर लौट रही एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का बाइक सवार तीन युवकों ने अपहरण कर लिया। मामले में अपहृत लड़की की मां ने मैनाटांड़ थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर पुलिस मामले में पीड़ित नाबालिग लड़की की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

अपहृत नाबालिग लड़की की मां ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वो अपनी नाबालिग लड़की के साथ बुधवार की रात मैनाटांड के पुरैनिया गांव से यज्ञ देखकर कर घर लौट रही थी। उसी दौरान बाइक सवार बसंतपुर गांव निवासी प्रवेज आलम, एकबाली ठाकुर और भुटेली गद्दी जबरदस्ती मेरी लड़की का अपहरण कर बाइक से लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने जाते समय उन्हें पैर से मार कर नीचे गिरा दिया। जिसके बाद वो रोती बिलखती अपने घर पहुंची और अपने पति को सारी बात बतायी। जिसके बाद वो अपने पति के साथ थाने पहुंच कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है।

# बिजली की शिकायत दूर करने को हर माह लगेगा कैंप : मंत्री

- ऊर्जा मंत्री ने सदन में की घोषणा, बोले नहीं दी जाएगी फ्री बिजली
- महीने के हर दूसरे शनिवार को प्रखंड स्तर पर लगेगा कैंप

**केटी न्यूज/पटना**

ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की शिकायतों की दूर करने के लिए एप में प्रावधान किया गया है। उन्होंने घोषणा कि हर महीने के दूसरे शनिवार को प्रखंड स्तर पर शिकायत का कैंप लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को सदन में विधायकों की ओर से शिकायत मिलने पर यह घोषणा की। उन्होंने फ्री बिजली की मांग को नकार दिया। सरकार सात-आठ हजार करोड़ सब्सिडी दे रही है, इससे ज्यादा करने की स्थिति नहीं है। फ्री देने की स्थिति बिहार में नहीं है। इसी आधार पर उन्होंने भाजपा के संजय सरावगी के कटौती प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की, हालांकि सदन में भाजपा सदस्यों की गैर-मौजूदगी में कटौती प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि शिकायतों के लिए अब मैं घोषणा करता हूं कि महीने के हर दूसरे शनिवार को प्रखंड स्तर पर बिजली कंपनी की ओर से शिकायत निवारण कैंप लगाया जाएगा और त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### हजारों की संख्या में शिक्षक अभ्यर्थियों ने पटना में किया प्रदर्शन

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में सातवें चरण के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षकों की विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर शुक्रवार को हजारों की संख्या में शिक्षक अभ्यर्थी पटना पहुंचे। बुद्धा स्मृति पार्क से विधानसभा घेराव करने जा रहे हजारों की संख्या में शिक्षक अभ्यर्थियों को डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने रोक लिया। आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इस दौरान 7 शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन से अशोक राजपथ सहित बेली रोड का इलाका भीषण जाम से त्रस्त रहा। प्रशासन को जाम छुड़ाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।




**मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम को लेकर जीतन राम मांझी पहले भी कई बार कर चुके हैं विवादित टिप्पणी**

# पूर्व सीएम मांझी बोले... राम से बड़ा चरित्र रावण का था

**एजेंसी/पटना**

अपने विवादित बयानों से सुर्खियां बटोरने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि राम से बड़ा चरित्र रावण का था। राम से बड़ा कर्म रावण का था। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वह हमेशा से कहते रहे हैं कि रामायण काल्पनिक है। राम और रावण दोनों काल्पनिक है। लेकिन कल्पना के आधार पर जो कहानी है उसके मुताबिक मेरा मानना है कि राम से बड़ा रावण थे। मांझी ने कहा कि रावण ज्यादा बड़े कर्मकांडी थे। मांझी ने कहा कि राम जब मुसीबत में होते थे तब उनकी मदद में अलौकिक सेवायें आती थीं, लेकिन रावण के लिए कुछ नहीं आता था।



वे यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि डिस्कवरी ऑफ इंडिया में कहा गया है कि राम काल्पनिक थे। यहां तक कि लोकमान्य तिलक और राहुल सांकृत्यायन ने भी राम को काल्पनिक कहा था। दरअसल, जीतन राम मांझी इसके पहले भी कई बार प्रभु श्रीराम को लेकर विवादित टिप्पणियां करते रहे हैं। इतना ही नहीं वे बार बार कहते हैं कि राम काल्पनिक हैं। लेकिन इसके साथ ही वे राम को लेकर अपने विचार भी प्रकट करते हैं और उनसे जुडी विवादित टिप्पणियां करते हैं।

### मांझी ने कहा... जब ब्राह्मण ने राम को काल्पनिक कहा तो कोई बात नहीं हमने कह दिया तो गुनाह हो गया

मांझी ने कहा कि जब ब्राह्मण ने राम को काल्पनिक कहा तो कोई बात नहीं हमने कह दिया तो गुनाह हो गया। उन्होंने तुलसीदास और वाल्मिकी की भी तुलना की। मांझी ने कहा कि रामायण तो वाल्मिकी ने लिखा था। लेकिन वाल्मिकी की पूजा क्यों नहीं होती है। तुलसी दास की ही पूजा क्यों की जाती है। मांझी ने कहा कि मनुवादी व्यवस्था में ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास की रामचरित मानस में बहुत सी अच्छी बातें भी है और बहुत सी गलत भी। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर और लोहिया ने भी कहा था कि उसमें जो कचरा है उसे हटा दिया जाना चाहिए।

# हृदय रोग से ग्रसित कैमूर जिले के सात बच्चों की पटना में होगी नि:शुल्क जांच

- पटना स्थित आईजीआईसी में बच्चों की होगी नि:शुल्क जांच
- मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का होता है नि:शुल्क उपचार

**केटी न्यूज/भभुआ**




स्वास्थ्य विभाग द्वारा हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को आवश्यक जांच व इलाज के लिए उनके परिजनों के साथ पटना भेजा जाएगा। हृदय में छेद के साथ जन्मे बच्चों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए बाल हृदय योजना की शुरूआत की गई है। जिसके तहत इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में 20 एवं 21 मार्च को श्री सत्य साईं अस्पताल अहमदाबाद के सहयोग से बाल हृदय योजना के तहत नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिह्नित बच्चों के साथ परिजनों को 102 एंबुलेंस के माध्यम से भेजने व वापस ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही एक आयुष चिकित्सा फार्मासिस्ट को भी भेजने का निर्देश दिया गया, जो संस्था के साथ संबंध स्थापित कर जांच सुनिश्चित कराएंगे। जांच शिविर में गतिविधियां सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ की जाएगी। इस बाबत सचिव, स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को निर्देश दिया है।

**अभिभावकों के साथ बच्चों को भेजा जाएगा पटना:** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. इमरान ने बताया कि जिले से 7 बच्चों को पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में जांच के लिए भेजा जायेगा। ये बच्चे हैं भभुआ प्रखंड से 10 वर्षीय जूली कुमारी, 6 वर्षीय आर्यन राज, 10 माह की अनन्या कुमारी, रामगढ़ प्रखंड से 6 वर्षीय अजय कुमार एवं 6 वर्षीय आदित्य कुमार, कुदरा प्रखंड से 10 वर्षीय लक्ष्मीना कुमारी एवं भगवानपुर प्रखंड से 3 माह का शिशु आदित्य पांडेय। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को उनके अभिभावक के साथ 102 एंबुलेंस के माध्यम से भेजने व वापस ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**क्या है बाल हृदय योजना:** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बिहार सरकार बाल हृदय योजना संचालित कर रही है। इस योजना के तहत कुछ चिह्नित जटिल रोगों से ग्रसित 18 वर्ष तक के बच्चों का नि:शुल्क इलाज कराया जा रहा है। वहीं ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को राज्य सरकार अपने खर्च पर अहमदाबाद भेजती है और वहां स्थित श्री सत्य साईं अस्पताल में ऑपरेशन किया जाता है। जिसका पूरा खर्च बिहार सरकार के द्वारा वहन किया जाता है।

**छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विशेष प्रावधान :** राज्य सरकार 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे के साथ मां के अतिरिक्त एक और परिजन के खर्च भी उठाती है। राज्य के बाहर के चिह्नित चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल/ निजी अस्पताल में चिकित्सा के लिए आने जाने के लिए परिवहन भाड़े के रूप में बाल हृदय रोगी के लिये 5,000 रुपये है। वहीं, अटेंडेंट के लिए अधिकतम धन राशि भी 5,000 हजार रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दी गई है। उनके साथ एक समन्वयक भी रहते हैं, जो इलाज के बाद बच्चों के साथ ही वापस आते हैं।

**1000 बच्चों में 9 बच्चे जन्मजात हृदय रोगी:** बच्चों में होने वाले जन्मजात रोगों में हृदय में छेद होना एक गंभीर समस्या है। एक अध्ययन के अनुसार जन्म लेने वाले 1000 बच्चों में से 9 बच्चे जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित होते हैं, जिनमें से लगभग 25 प्रतिशत नवजात बच्चों को बीमारी के पहले साल में ही शल्य क्रिया की आवश्यकता रहती है।

## खबरें फटाफट

### ऑटो से ठोकर लगने पर शराबी ने चालक को घोंप दिया चाकू

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना अंतर्गत आनंद नगर में गुरुवार की रात नशे में धूत बदमाश ने एक ऑटो चालक को चाकू घोंप दिया। ठोकर लगने के बाद उसने ऑटो चालक पर ताबड़तोड़ दो जगहों पर चाकू मार दिया। चालक को पेट और दाहिनी कलाई के पास लगी है। इसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी ऑटो चालक नवादा थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी रामसूरत राम का बेटा रितिक कुमार है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। चालक रितिक कुमार ने बताया कि वह बस स्टैंड से स्टेशन तक ऑटो चलाता है। गुरुवार की रात वह घर से ऑटो लेकर आनंद नगर जा रहा था। उस दौरान नशे में धुत एक युवक सड़क पर झूमते हुए चल रहा था। उस कारण ऑटो उससे सट गया। उस पर युवक गाली-गलौज करने लगा, जिसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। उसके बाद उस युवक द्वारा चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### गुस्से में विवाहिता ने कीटनाशक खाकर दे दी जान

**आरा।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरपुर मरवटिया गांव में गुरुवार की देर शाम इलाज कराने नहीं जाने से गुस्से में आकर एक विवाहिता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। वहीं दूसरी ओर मृतका के परिजन द्वारा उसकी मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही जा रही है।

**दो अप्रैल को सासाराम में होनेवाले कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया निरीक्षण**

# ऐतिहासिक होगा सम्राट अशोक की जयंती का कार्यक्रम, अमित शाह आएंगे: नित्यानंद

- राजद और कांग्रेस के मुद्दों पर खुलकर दिया बयान
- विदेशों में जाकर देश की जग हसाई कर रहे राहुल गांधी

**केटी न्यूज/सासाराम**



आगामी दो अप्रैल को सासाराम में आयोजित होने वाले सम्राट अशोक जयंती समारोह में गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे। जहां वे आमसभा को भी संबोधित करेंगे। अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय शुक्रवार को सासाराम पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के प्रस्तावित स्थल रेलवे स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय नेताओं से विचार विमर्श किया। उसके बाद एक कार्यक्रम के वैकल्पिक स्थल के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का काफिला एसपी जैन कॉलेज पहुंचा। कॉलेज के मैदान के निरीक्षण के बाद वो गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां सम्मेलन कक्ष में पत्रकारों वार्ता की।

नित्यानंद राय ने कहा कि इस वर्ष सम्राट अशोक की जयंती का आयोजन सासाराम में होने जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया है। सुरक्षा एवं अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श जल्द ही कार्यक्रम स्थल निर्धारित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक की जयंती का कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक होगा, जिसमें पार्टी के बड़े नेता भी शिरकत करेंगे। सासाराम के समीप सम्राट अशोक से संबंधित शिलालेख को असामाजिक तत्वों द्वारा काफी दिनों से गुमनाम किया गया था, जिससे अब आजाद कराया गया है। भारतीय जनता पार्टी देश के सभी महापुरुषों की यादों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

**चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की :** राहुल गांधी को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वो विदेश में जग हंसाई करा रहे हैं। देश के विरोध में बोलते हैं। जैसे कोई विरोधी नेता का उद्बोधन हो रहा है। उन्होंने कहा कि विधानपरिषद में महागठबंधन को वोट देते है तो उसका क्या अर्थ होता है, भाजपा को वोट देते है तो मोदी जी के यश एवं काम को वोट देते हैं। उन्होंने आगामी विधान परिषद के 31 मार्च के होने वाले चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार अवधेश नारायण सिंह हैं, जबकि गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार जीवन कुमार हैं। नित्यानंद राय ने दोनों को जीताने की अपील की। इस दौरान विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, राजेश्वर राज एवं सत्यनारायण यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य त्रिविक्रम नारायण सिंह भी उपस्थित थे।

### भय के वातावरण में जी रहा बिहार: नित्यानंद राय

**कैमूर।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को मोहनिया में प्रेस वार्ता की। जिसमें शिक्षक स्नातक और स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही। नित्यानंद राय ने कहा पूरा बिहार भय के वातावरण में जी रहा है। अगर कोई घर से बाहर निकल जाए तो सुरक्षित कब तक वापस आएगा इसको लेकर परिवार वाले चिंतित रहने लगे हैं। यह सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। जिस राज्य में गुंडाराज और अपराधी भर जाते हैं वहां लोग दहशत में जीते है। एक माह पहले तक जब से महागठबंधन सरकार बनी थी तब से आंकड़ा निकाला था 1550 से ज्यादा हत्याएं बिहार में हो चुकी हैं। महिलाओं बेटियों के साथ सामूहिक बलात्कार हो रहा, इनकी सरकार भ्रष्टाचार और घोटाले में सिर्फ लिप्त है।

**कोई कितने भी बड़े पद पर हो अगर भ्रष्टाचार करेगा तो नहीं बचेगा :** सीबीआई और ईडी स्वतंत्र इकाई है, कानून अपना काम कर रहा है। कोई कितना भी बड़े पद पर हो अगर भ्रष्टाचार करेगा तो बचेगा नहीं। राहुल जी का परिवार हो या लालू जी का परिवार हो सबके साथ एक जैसा कार्रवाई होगी कानून निष्पक्षता से अपना काम कर रही है। दूसरी ओर, यूपी में योगी सरकार के कार्यकाल में गुंडागर्दी और अपराध काम नहीं करेगा, इसलिए यूपी के अपराधी अपना संरक्षण स्थल बिहार को मानते हैं। आप देखेंगे पीएफआई से लेकर विभिन्न स्थानों के अपराधी पनाह लेने के लिए बिहार आ जाते हैं क्योंकि बिहार सरकार इन लोगों को संरक्षण दे रही है । यूपी में कानून उनको छोड़ेगा नहीं और उनको पता है कि बिहार में अगर वह आ जाते हैं तो यहां कोई दिक्कत नहीं है।

## एक नजर

### आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे सिंगल विंडो ऑपरेटर एवं मल्टी परपस असिस्टेंट




**जहानाबाद।** जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) के गेट के बाहर सिंगल विंडो ऑपरेटर एवं मल्टी परपस असिस्टेंट मंगलवार से चार दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर हैं शुक्रवार को हड़ताल का चौथा दिन रहा। लेकिन, विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई सुनवाई नहीं की। जिससे कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी बात नहीं मानी जाएगी तो वे शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। कहा कि अब उन्हें नहीं डरना है, आगे हड़ताल पर अटल रहना है। जब तक विभाग से कोई सूचना नहीं मिलती है तब तक वे हड़ताल से वापस नहीं जाएंगे। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत सभी एसडब्ल्यूओ एवं एमपीए ने हड़ताल का ऐलान किया है ' बिहार राज्य सिंगल विंडो ऑपरेटर एवं मल्टी परपस असिस्टेंट संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि डीआरसीसी तथा बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम में नियोजित कर्मियों के लिए माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा गठित एके चौधरी कमिटी द्वारा दो वर्ष पहले ही 60 वर्ष की सेवा अवधि, पितृव अवकाश, अर्जित अवकाश आदि सुविधा की अनुशंसा की गई है, लेकिन कतिपय कारणों से सरकार के आलाधिकारियों ने अभी तक लागू नही किया है। सरकार इस हड़ताल में चौधरी कमिटी की अनुशंसा के साथ साथ गृह जिला या निकटवर्ती जिला में स्थानांतरण तथा एक माह का कटौती किया गया मानदेय वापस, वेतन वृद्धि नही करती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इसके लिए पूर्व में राज्य स्तर पर बैठक करके विभाग के सभी पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

### महिला की हत्या मामले में सौतन दोषी करार, सजा के बिंदु पर 22 को होगा फैसला

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने महिला कुंती देवी की हत्या के मामले में सौतन मुनिता देवी को दोषी करार दिया है। वहीं, सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख बुधवार को मुकर्रर की गई है। इस संबंध में अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि सूचक कृष्णा साव ने अपनी बेटी कुंती देवी की शादी अरवल ग्राम अनुवां वंशी थाना क्षेत्र निवासी अरुण कुमार के साथ वर्ष 2008 में की थी। लेकिन, अरुण कुमार ने वर्ष 2016 में अभियुक्त मुनीता देवी से दूसरी शादी की। इसी क्रम में दोनों महिलाओं के बीच आपसी मनमुटाव होता रहता था तथा मुनीता देवी बराबर मृतिका कुंती देवी को प्रताड़ित करती रहती थी। इसी को लेकर अभियुक्त मुनीता देवी ने साजिश रचकर जलावन चुनने के बहाने अपनी सौतन कुंती देवी को अपने गांव के समीप ही बांसवारी में ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। जिसके बाद उसके शव को किरासन तेल छिड़ककर जलाने लगी। इसी दरमियान गांव के लोगों के द्वारा सूचना मृतिका कुंती देवी के पिता कृष्णा साव को दी गई। साथ ही, बंशी थाना को सूचित किया गया। मौका-ए-वारदात पर पहुंचे बंशी थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा अधजले शव को जब्त कर अभियुक्त मुनिता देवी को हिरासत में ले लिया गया। मृतिका के पिता के ने बंशी थाना में सौतन अभियुक्त मुनीता देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। मामला न्यायालय पहुंचा। जहां न्यायालय में साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जावेद अहमद खान ने अभियुक्त मुनीता देवी को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई बुधवार को मुकर्रर की है।

### बालू की ओवरलाडिंग के खिलाफ चले अभियान में 30 ओवरलोडेड ट्रक जब्त

**सासाराम।** सासाराम के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में पाली रोड में बालू के ओवरलाडिंग के खिलाफ चले अभियान में 30 ओवरलोडेड ट्रक जब्त किए गए हैं। एसडीएम चंद्रिमा अत्री के नेतृत्व में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक चले कार्रवाई से जीटी फोर लेन एवं बालू घाट जाने वाले सड़कों पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम चंद्रिमा अत्री, सीओ अनामिका कुमारी ने देर रात दो बजे कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई में दरिहट थाना, डालमियानगर थाना एवं डेहरी नगर थाना की पुलिस शामिल थी। बताते हैं कि अधिकांश ट्रकों की जब्ती पाली रोड से हुई। इनमें से कुछ ट्रक औरंगाबाद जिले के बारून बालू घाट से तो कुछ रोहतास दरिहट बालू घाट से आ रहे थे। सभी जब्त ट्रकों पर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। डेहरी सोन नदी के पुल के पार औरंगाबाद का बारून बालू घाट है। बताते हैं कि बारून से बेरोक-टोक ओवरलोडेड बालू ट्रक आ रहे हैं। जबकि सोन नदी के पहले बारून में चेकपोस्ट भी है, लेकिन फिर भी ट्रकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### स्कूल बसों के संचालन की दी गई जानकारी

**आरा।** रोड सेफ्टी को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों की ले जाने वाली स्कूल गाड़ी को सुरक्षित परिचालन हेतु सभी गाड़ी में दो-दो स्टॉप रखने तथा गाड़ी की सारी जरूरतें सुनिश्चित होने के बाद ही गाड़ी रोड पर चलाने के संबंध में जानकारी दी गई। डीटीओ ने उक्त जानकारी सभी अनुमंडल पदाधिकारी को दीया तथा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूल प्रबंधक के साथ बैठक करने हेतु जानकारी दी गई, ताकि किसी तरह का दुर्घटना ना हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित जिला के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हथियार की सूचना पर डॉक्टर की बहन के वाहन की जांच, दुर्व्यवहार का आरोप

- पटना से आरा आने के दौरान नगर थाने की पुलिस द्वारा की गयी गाड़ी की जांच
- डॉक्टर की बहन से असंसदीय भाषा का प्रयोग करने का आरोप
- मामले में एएसपी से करायी जा रही जांच, दोषी कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/आरा**



हथियार की सूचना पर आरा के चर्चित डॉक्टर की बुजुर्ग बहन की गाड़ी की जांच और थाने में बैठाये जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों पर डॉक्टर की बहन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया गया है। बाद में डॉक्टर कुमार जीतेंद्र और डाक्टर अमरेंद्र आनंद की पहल पर एसपी के आदेश के बाद उनकी बहन उषा देवी को थाने से छोड़ दिया गया। डाक्टर कुमार जीतेंद्र शहर के चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं। उनकी बहन उषा देवी पटना के सगुना मोड़ निवासी डॉक्टर स्व. एमपी सिंह की पत्नी हैं। इधर, उषा देवी की ओर से जांच कर रहे पुलिस कर्मियों पर असंसदीय भाषा का प्रयोग करने और बिना कारण करीब दो घंटे तक थाने में बैठाकर रखने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उनकी ओर से एसपी को आवेदन भी दिया गया है। उसमें पुलिस कर्मियों और गलत सूचना देने वालों की पहचान ठोस कार्रवाई करने की मांग की गयी है। आवेदन में उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी गाड़ी से पटना से आरा आ रही थी। सुबह 11 बजे के आसपास वो धरहरा पहुंची। वहां दस की संख्या में पुलिस वालों द्वारा उनकी कार रोक दी गयी। वाहन की तलाशी की जाने लगी। असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया गया। उसके बाद उन्हें गाड़ी सहित थाने लाया गया। उनका मोबाइल भी ले लिया गया। अपना और अपने डॉक्टर भाइयों का परिचय देने के बाद भी राहत नहीं दी गयी। बाद में किसी तरह उन्होंने दोनों भाई को घटना की सूचना दी। तब उनके भाई की पहल और एसपी के आदेश पर उन्हें थाने से छोड़ा गया। ऐसे में उन्हें करीब दो घंटे तक थाने में बैठना पड़ा।

इधर, इस संबंध में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया पुलिस को एक अज्ञात नंबर से कॉल आयी थी की एक गाड़ी पटना की ओरसे शहर में जा रही है। उसमें एक महिला है और कुछ हथियार छिपाकर रखे गए हैं। उस सूचना के आधार पर नगर थाना की पेट्रोलिंग पार्टी के पदाधिकारी और महिला पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी की चेकिंग की गयी। उसके बाद नगर थाना ले जाया गया। सत्यापन के क्रम में पता चला गाड़ी में डॉ. जीतेंद्र की बहन है। उसके बाद उनको सम्मान वापस घर भेज दिया गया।

गाड़ी में ऐसा कोई हथियार भी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि हथियार की सूचना देने वाले की पहचान और मामले की छानबीन की जा रही है। कहा कि गलत सूचना देने वाले के खिलाफ समुचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एएसपी से पुलिसकर्मियों के व्यवहार की शिकायत की जांच करायी जा रही है। शिकायत सही पाये जाने वाले दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में हंगामा कर रहे शराबी पति को कराया गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के टेहटा ओपी क्षेत्र के मलाह टोली निवासी प्रमोद कुमार शराब के नशे में मोहल्ले में हो हल्ला कर पड़ोसियों के साथ गाली गलौज कर रहा था। जिससे तंग आकर उसकी पत्नी ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुलवाया और शराब के नशे में अपने पति को गिरफ्तार करवा दिया, गिरफ्तार शराबी पूर्व में भी शराब के नशे में पकड़ा जा चुका था। इसके बाद भी उसने शराब पीना नहीं छोड़ा था। उसकी हरकत से आस पड़ोस वाले अक्सर परेशान होते रहते थे। हालांकि इस बार टेहटा ओपी की पुलिस ने रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में मेडिकल जांच करवा कर उसे जेल भेज दिया है।

**जहानाबाद में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ध्रुपद बंधु की प्रस्तुति को शहरवासियों ने सराहा**

# ध्रुपद गायक संजीव झा और मनीष कुमार की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**केटी न्यूज/जहानाबाद**




जिला कला संस्कृति मंच एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या अंतर्गत ध्रुपद गायन का आयोजन किया गया। जिला कला संस्कृति मंच के संयोजक संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ध्रुपद बंधु के नाम से राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ध्रुपद गायक जोड़ी संजीव झा एवं मनीष कुमार ने ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया। वहीं, जहानाबाद जिले में पहली बार ध्रुपद गायन कार्यक्रम के आयोजन से स्थानीय कलाकारों में भी उत्साह देखने को मिला। स्वामी सहाजानंद पुस्तकालय सभागार में बिहार के प्रथम जुगलबंदी जोड़ी के रूप में ख्यात ध्रुपद बंधु संजीव झा एवं मनीष कुमार ने ध्रुपद गायन की समृद्ध परंपरा, इस शैली अविष्कार एवं विकास पर विस्तृत रूप में प्रकाश डाला। इस परंपरा में स्वामी हरिदास और उनके शिष्य के रूप में वैजू बावरा,तानसेन आदि के नाम का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ध्रुपद गायक द्वय दोनों जहानाबाद से ताल्लुक रखते हैं। यह भी ज्ञात हो कि ये दोनों ध्रुपद जुगल ध्रुपद के डगरवानी शैली में प्रशिक्षित हुए और 2014 से पूरी सक्रियता के साथ प्रस्तुति देते आ रहे हैं। साथ ही ध्रुपद गायन शैली के शिक्षण का कार्य भी कर रहे हैं।

**जहानाबाद के लिए यह ऐतिहासिक दिन :** स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय सभागार में शहर के शताधिक संगीत कला प्रेमियों के बीच अपनी प्रस्तुति से ध्रुपद बंधु संजीव झा एवं मनीष कुमार ने ऐसा समा बांधा कि उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो सुनते रहे। विलंबित आलाप, जोड़ और झाला प्रस्तुत करने के बाद चौताल में ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया। लगभग डेढ़ घंटे की प्रस्तुति में भज गोविन्दम् और संत कबीर की झीनी झीनी चदरिया का ध्रुपद शैली गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसा लग रहा था कि श्रोतागण ध्रुपद गायन के जानकार और स्वाद लेने वाले हैं। ध्रुपद बंधु संजीव झा एवं मनीष कुमार का स्वागत करते हुए पुस्तकालय के संयोजक राजकिशोर शर्मा ने कहा कि यह जहानाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन है। वास्तव में जहानाबाद विभूतियों से भरा है। आज इन दोनों का स्वागत करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

**कार्यक्रम का आयोजन गर्व की बात :** जिला कला संस्कृति मंच के समन्वयक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि जहानाबाद की धरती पर ध्रुपद गायन की पहली प्रस्तुति है। इस कार्यक्रम का आयोजन एवं अध्यक्षता करना मेरे लिए गर्व का विषय है। ध्रुपद गायन जहानाबाद की एक पहचान बने, मेरी हर संभव कोशिश होगी। लोगों की कार्यक्रम में मौजूदगी और ध्रुपद गायन का भाव विभोर हो आनंद उठाना मुझे आनंद से भर दिया। आने वाले समय में जहानाबाद ध्रुपद गायन का एक केंद्र बने तो आज का मेरा यह प्रयास जहानाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन के रूप में याद किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### 3 अप्रैल से 26 जून तक मॉर्निंग संचालित होगा कोर्ट

**बक्सर।** 3 अप्रैल 2023 से जिला न्यायालय का कार्य मॉर्निंग सत्र में संचालित होगा। जिला जज बक्सर के द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है 3 अप्रैल से प्रत्येक दिन कोर्ट कार्य सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। आदेश के आलोक में अब जिले के सभी कोर्ट मॉर्निंग समयानुसार चलेंगे।जारी आदेश के अनुसार कोर्ट पहले हाफ में सुबह 7 :00 बजे से 9 :30 तक चलेंगे। लंच का समय 9 :30 से 10 :00 बजे होगा। वहीं सेकेंड हाफ में सुबह 10 :00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 26 जून तक चलेगी। इसकी सूचना सभी विभाग को भेज दी गई है।

### बिजली चोरी के खिलाफ अभियान में एक धराया

**डुमरांव।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान के तहत अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करते हुए एक उपभोक्ता को पकड़ा गया, जिसके खिलाफ 9729 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के प्रखंड परिसर निवासी मनीष कुमार गुप्ता बताया जाता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बक्सर।** बक्सर के चुन्नी में शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों द्वारा सड़क से उठा पहले सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से रेफर करने के बाद परिजन बनारस के लिए निकले हुए थे, लेकिन बीच रास्ते मे ही इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया।

# डुमरांव के टेक्सटाइल कॉलोनी में सालों भर रहता है जलजमाव, लोगों का जीना मुहाल





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का टेक्सटाइल कॉलोनी शहर का सबसे बड़ा रिहायशी इलाका है। इस कॉलोनी में 400 से अधिक परिवार रहते हैं। कहने को भले ही यह शहर की सबसे बड़ी रिहायशी कॉलोनी है लेकिन धरातल पर यहां मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। नगर परिषद की उदासीनता से इस मोहल्ले में सालों भर जलजमाव रहता है। मोहल्ले की शायद ही ऐसी कोई गली हो जिसमें जलजमाव व कीचड़ न हो। इस कारण मोहल्लेवासियों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। बरसात में तो स्थिति और नाकरीय हो जाती है। पूरा कॉलोनी घुटनों भर जलजमाव से घिर जाता है। वैसे सालोंभर जलजमाव की समस्या बनी रहती है। मोहल्लेवासियों की मानें तो नगर परिषद द्वारा इस मोहल्ले में कई सड़कों का पीसीसीकरण किया गया है। नालियां भी बनाई गई है। लेकिन नालियां अनुपयोगी है। किसी भी नाली का निकास नहीं होने से उनका पानी ओवरफ्लो हो सड़क पर पसरा रहता है। वहीं नगर परिषद इसके स्थायी समाधान के प्रति उदासीन बना हुआ है। जिस कारण इस समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। मोहल्लेवासियों की मानें तो नगर परिषद मुलभूत सुविधाओं की बहाली में भी उदासीन बना हुआ है। जिससे लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि लगातार जलजमाव के कारण उससे उठने वाला सड़ांध बीमारियों को दावत दे रहा है। जबकि सांप बिच्छू जैसे विषैले जंतुओं का भय भी बना रहता है। इस कारण नगर परिषद के प्रति मोहल्लेवासियों में गहरा आक्रोश है।

### बोले लोग... जलजमाव से मुश्किल हो गया है रहना



प्रियांशु ओझा ने बताया कि शहरी क्षेत्र होने के बावजूद इस मोहल्ले की स्थिति गांवों से भी बदतर है। जलजमाव से अब यहां रहना मुश्किल हो गया है।



विधु नंदन ने बताया कि नालियों के पानी का निकास नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जो नालियां बनाई गई है वह अनुपयोगी है।



प्रियांशु कुमार की मानें तो मोहल्ले में जलजमाव से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। न जल निकासी हो रही है न मच्छरोधी दवाओं का छिड़काव।



बब्लू मिश्र ने कहा कि जलजमाव के स्थायी समाधान के लिए मोहल्ले के लोग कई बार नगर परिषद से गुहार लगा चुके हैं। अब उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## दुस्साहस: डीपीओ ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए नगर थाने में दिया आवेदन

# बक्सर में दबंगों ने कार्यालय में घुस डीपीओ से मांगी रंगदारी, मारपीट कर लहराया कट्टा



**केटी न्यूज/बक्सर**

शिक्षा विभाग में दलालों व दबंगों का बोलबाला वर्षों से रहा है। लेकिन अब पानी सिर के उपर से गुजर रहा है। गुरुवार को बक्सर के बाजार समिति रोड स्थित नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में संचालित हो रहे सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय में यह देखने को भी मिला। बता दें कि तीन दबंग कुछ अन्य लोगों के साथ कार्यालय का काम निपटा रहे स्थापना डीपीओ मो. शारिक असरफ से बतौर रंगदारी एक लाख रूपए देने की मांग करने लगे और नहीं देने पर धौंस जमाने के लिए उनके साथ मारपीट कर उनके कलाई में बंधी करीब 40 हजार रूपए मूल्य की घड़ी व रूपए छिन लिए। जाते जाते कट्टा लहरा उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे डाले। जाने के दौरान दबंग कार्यालय से कुछ महत्वपूर्ण संचिकाओं को भी उठा ले गए हैं। इस दौरान खुद डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी भी वहा मौजूद थे। जबकि उनके कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। दबंगों की हरकत उसमें दर्ज हो गई है। बावजूद उन्हें कानून व्यवस्था जैसी चीजों का डर नहीं दिखा।



इस संबंध में डीपीओ मो. शारिक अशरफ ने नगर थाने में तीन पर नामजद और दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में डीपीओ ने बताया है कि गुरुवार की दोपहर वे बाजार समिति रोड स्थित नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में एसएसए कार्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ विभागीय कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। उसी दौरान कठार निवासी स्व. बागेश्वरी के पुत्र अजय कुमार सिंह, धोबीघाट गली नं0 -7 निवासी स्व. स्व० आनन्द बहादुर सिंह के पुत्र अरविन्द कुमार सिंह और इटाढ़ी के गोपालपुर निवासी स्व० सिंगासन सिंह के पुत्र तारकेश्वर सिंह दो तीन अज्ञात व्यक्ति के साथ आये तथा उनके कार्यालय में आकर रंगदारी में एक लाख रुपए मांगने लगे। विरोध करने पर वे लोग कार्यालय का कागज एवं संचिका टेबल से उठाकर फेंकने लगे। साथ ही उनके सरकारी कार्य में बल का प्रयोग कर बाधा डालने लगे।

तारकेश्वर सिंह ने हथियार दिखाते हुए उन्हें जान मारने की धमकी दी। इसी बीच डीपीओ ने घटना की वीडियो रिकार्डिंग करनी शुरू की तो अजय सिंह ने उनका मोबाइल छिन लिया। वहीं, उनके हाथ से राडो की घड़ी जिसकी कीमत लगभग 40000 रुपए तथा टेबल पर पॉकेट पर्स जिसमें 3000 रुपए थे, जिसको अजय कुमार सिंह ने छीन लिया। शोर सुनकर जब अगल-बगल के लोग आये तो अरविन्द कुमार सिंह एवं तारकेश्वर सिंह ने कट्टा लहराते हुए एवं गाली-गलौज, जाति सूचक एवं अर्मयादित भाषा से डीपीओ को संबोधित करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, एक लाख रुपए पहुंचाने को कहा। डीपीओ ने बताया उपरोक्त लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर जान मारने का प्रयास किया व कार्यालय के कुछ महत्वपूर्ण संचिका भी उठा ले गये तथा छिनतई भी की। उक्त समय कर्मचारी तथा कार्यालय में मिलने वाले लोग भी थे।

### एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि डीपीओ से आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी के आधार पर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही सूत्रों मानें तो आरोपियों पर शिक्षा विभाग में मारपीट तथा शिक्षकों पर भयादोहन के आधा दर्जन से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है।

## एक नजर

### रविवार को बक्सर के विश्वामित्र हॉस्पीटल में आयोजित होगा फ्री जांच शिविर: डॉ. झा



**बक्सर।** बक्सर के गोलंबर स्थित विश्वामित्र हॉस्पीटल में रविवार को एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए हॉस्पीटल के डायरेक्टर डा. राजीव झा ने बताया कि सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक प्रसिद्ध डाक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। जिसमें डा. शालिनी मिश्रा, बीडीएस, एमडीएस, सर्जन दांत व चेहरा संबंधित सभी प्रकार की ईलाज करती है। मुंह में कैंसर, मुंह में छाले, कटे-फटे होठ एवं तालु, दांतों में फिलिंग, रूट कैनाल ट्रिटमेंट फिक्स दांत लगवाना, बच्चों के दांतों का ईलाज, मुंह खोलने में तकलीफ आदि का सफल ईलाज होता है। डा. एसके सिंह चर्म रोग, केस रोग एवं सौन्दर्य रोग विशेषय बालों का झड़ना, सफेद दाग, मुहासें व सावलापन आदि का सफल ईलाज होगा। डा. सिंह लेजर मशीन द्वारा झुरीर्या एवं झायिंगा का ईलाज करते है। डा. वीडी मिश्रा लखनउ के जाने माने हड्डी एवं रीढ्ढ रोग विशेषज्ञ है। इनके द्वारा प्रत्येक तरीके के टूटे हुए हड्डियों का सफल ऑपरेशन करते है। डा. उदय कांत सिंह जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन है। इनके द्वारा दुरवीन विधी से पीत के थैली की पथरी, किड़नी पथरी, ऐपेंडिक्स, हर्निया, पेशाब की थैली में पथरी, प्रोस्टेट, बावासीर, सीने में गांठ, टियूमर आदि का सफल ऑपरेशन करते है। यह ज्ञात हो कि विश्वामित्र हॉपिस्टल में डा. नमिता सिंह जो कि स्वयं ही बक्सर की जानी-मानी महिला रोग विशेषज्ञ है। वह भी यहां मरीजों को इलाज करती है। नार्मल व ऑपरेशन से डिलेवरी कराती है। डा. झा ने कहा कि इन सभी प्रकार के रोगों की जांच रविवार को मुफ्त करा सकते है। वहीं जल्द हॉस्पीटल में हार्ट व न्यूरों रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की काम करना शुरू करेगी।

### केसठ में बंदरों के आतंक से लोग परेशान, अब तक दर्जनों लोग हुए जख्मी

**केसठ।** केसठ के लोग इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हैं। काफी संख्या में बंदर पिछले एक सालों से यहां आकर ग्रामीणों के घरों में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। केसठ के लोगों का कहना है कि काफी संख्या में बंदर न जाने कहां से आकर गांव के लोगों को परेशान कर सामान को बर्बाद कर रहे हैं। इन उत्पाती बंदरों ने अब तक गांव के लगभग एक दर्जन लोगों को अपना शिकार बना कर जख्मी कर दिया है, जिनका इलाज स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में कराया गया है। लोगों का कहना है कि ये बंदर घरों में घुसकर सामान बर्बाद करने के साथ ही खेतों में लगी हुई सब्जियों और फसलों को भी नष्ट कर रहे है। सब्जी मंडी के दुकानदार भी बंदरों के उत्पात से परेशान है। स्थित यह है कि बंदरों के आतंक के कारण महिलाओं व बच्चों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। लोगों द्वारा भगाए जाने पर ये बंदर काटने के लिए दौड़ पड़ते हैं। इस वजह से लोगों में इन बंदरों की वजह से दहशत व्याप्त है। बंदरों के आतंक से परेशान लोगों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से इन उत्पाती बंदरों से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है।

### रविवार को नया भोजपुर में वर्कशॉप आयोजित करेगी कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी

**डुमरांव।** कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी रविवार को नया भोजपुर में एक वर्कशॉप का आयोजन कर रही है। इस वर्कशॉप में कंपनी अपने उपभोक्ताओं को आरबीआई के नये गाइड लाइन की जानकारी देने के साथ ही कंपनी द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देगी। वर्कशॉप के दौरान मुख्य रूप से कंपनी द्वारा अपने उपभोक्ताओं को बच्चों के पढ़ाई तथा परिजनों के दवाई के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के अलावे अन्य जानकारियां विस्तार से दी जाएगी। कंपनी के एरिया मैनेजर अभिषेक दूबे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्कशॉप में डुमरांव प्रखंड के विभिन्न गांवों के सैकड़ो उपभोक्ता भाग लेंगें उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकों ले उपभोक्ताओं में उत्साह व्याप्त है।

### स्वास्थ विभाग के कर्मियों ने रक्तदान कर मनाया जिले का स्थापना दिवस

**बक्सर।** स्वास्थ विभाग के कर्मियों ने जिले के स्थापना दिवस पर रक्तदान किया। सदर पीएचसी में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस शिविर का उदघाटना सीएस डा सुरेश चंद्र सिंहा ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में सीएस ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। शिविर के उद्घाटन के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मिथिलेश सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक जावेद आवेदी, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव श्रवण तिवारी, चिकित्सा पदाधिकारी आरिफ अली अहमद, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह समेत पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुल 10 स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तदान किया गया. जिसमें प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, नरेश दत्त पांडेय, मनोज कुमार चौधरी, आलोक कुमार, प्रियंका कुमारी, प्रियंका सिंह ने स्थापना दिवस पर रक्तदान किया।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत छह पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के कड़सर में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर विवाहिता अमृता कुमारी ने शुक्रवार को पति समेत 6 पर सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

एफआईआर में पीड़ित विवाहिता ने बताया है कि गंज भड़सरा निवासी अमृता कुमारी की शादी वर्ष 2021 में नौसर गांव के जय कुमार चौधरी के पुत्र अनूप चौधरी के साथ भलुनी धाम में हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद 2 माह तक उसका वैवाहिक संबंध मधुर था। पर 2 माह बाद ससुराल वालों द्वारा दहेज में बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले विवाहिता के साथ मारपीट एवं प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता ने बताया कि ससुराल वालों की प्रताड़ना से उब कर वह अपने भाई विनय कुमार को आपबीती बताकर बुलाया। साथ ही अपने भाई के साथ मैके चली गई। बाद में पंचायती के माध्यम समझौता करने की कोशिश की गई। पर ससुराल वाले किसी की एक नहीं सुनी। पीड़ित विवाहिता ने बताया कि उसके साथ मारपीट एवं प्रताड़ित करने में पति अनुप चौधरी के अलावा ससुर जयकुमार चौधरी, सास उमीर्ला देवी एवं तीन ननद शामिल हैं।

## सिमरी में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, संचालक गिरफ्तार

- डुमरांव एएसपी ने गुप्त सूचना पर की छापेमारी
- एक मैरेज हॉल में संचालित हो रहा था सेक्स रैकेट, आपतिजनक अवस्था में मिले कपल

**केटी न्यूज/सिमरी**



सिमरी थाना से महज एक किलोमीटर दूर एक निजी मैरेज हॉल में संचालित हो रहे सेक्स रैकेट को डुमरांव एएसपी ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान एक कपल को आपतिजनक अवस्था में पकड़ा गया है। पुलिस ने संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के बाद वह सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई थी। खास यह कि पिछले कई वर्षों से चल रहे इस गोरखधंधे की स्थानीय पुलिस को कानोकान खबर नहीं लगी थी। वैसे जानकारों का कहना है कि मैनेज के खेल में स्थानीय पुलिस सबकुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए थी। गिरफ्तार लोगों में राजेन्द्र मैरेज हाल के संचालक राजेन्द्र पांडेय तथा सिमरी दुधीपट्टी के अंपू राय पिता श्रीभगवान राय तथा एक महिला शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार सिमरी गांव से थोड़ी दूर बड़का गांव पथ के किनारे स्थानीय गांव के बकुलहापट्टी के राजेन्द्र पांडेय द्वारा राजेन्द्र मैरेज हॉल का संचालन किया जा रहा है। जानकारों की मानें तो पिछले दो-तीन वर्षों में इस मैरेज हॉल की आड़ में सेक्स रैकेट समेत अन्य गैरकानूनी कामों को अंजाम दिया जा रहा था। कई बार लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने एक बार भी कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत डुमरांव एएसपी सह एसडीपीओ राज से की। एएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए डीआईयू टीम के साथ उक्त मैरेज हॉल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लोगों की शिकायतों की पुष्टि भी हो गई। एएसपी राज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है। वही ग्रामीण क्षेत्र में सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ से कई सवाल खड़े हो रहे है।

## बक्सर जिला के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

# धूमधाम से मना जिले का 33 वां स्थापना दिवस, वृद्ध महिला ने काटा केक

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को बक्सर जिले का 33 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। स्थापना दिवस समारोह का उदघाटन डीएम अमन समीर ने एक वृद्ध महिला के हाथों केक कटवाकर किया। इसके पहले सुबह में किला मैदान बक्सर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा रामरेखा घाट से पी0पी0 रोड़ होते हुए सिन्डीकेट से वापस बाईपास होते हुए ज्योति चौक से वापस किला मैदान पहुंच संपन्न हुआ। जबकि एनएच 922 सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नहर मार्गों के किनारे वरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधरोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में जिप अध्यक्ष विद्या भारती, डीडीसी डा महेन्द्र पाल, स्थापना उपसमहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

**भूमिहीनों को दिया गया बासगीत पर्चा:** दीप प्रज्जवलन व केक कटिंग के बाद डीएम अमन समीर के नेतृत्व में सभी अंचलों के चयनित भूमिहीनों को बासगीत पर्चा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार डुमराँव अंचल के छतनवार पंचायत के रोहन नट, बचन नट, बबन नट, शुखराज नट, रासबिहारी नट, एवं बहादुर नट को जबकि सिमरी अंचल के भिक्षुक के डेरा के रघुवर प्रसाद बड़का राजपुर के पार्वती देवी को, नावानगर अंचल में सिकरौल मौजा के अजय पासवान, बीरबल पासवान, बलबीर राम रामनगर के गीता देवी पिता-नखडु डोम को, बक्सर अंचल के प्रतिमा देवी, पति-संजय प्रसाद, सा0-पुलिया, सुनिता देवी, पति-निरंजन प्रसाद, सा0-लक्ष्मीपुर, लवंगी देवी, पति-बृजनाथ प्रसाद उर्फ विजय नाथ प्रसाद, सा0-पलिया, कन्हैया तुरहा, पिता-ढुनमुन तुरहा, सा0-बड़कागाँव मानसिंहपटटी एवं चुनमुन तुरहा, पिता-कपिलदेव तुरहा, सा0-बड़कागाँव मानसिंहपट्टी को बासगीत पर्चा दिया गया। इसके अलावे राजपुर अंचल के छह, इटाढी अंचल के चार, चौसा अंचल के दो लाभुकों को भी जमीन का पर्चा डीएम ने अपने हाथों दिया।

**जीविका दीदियों ने रंगोली से बनाया बक्सर का नक्शा :** रंगोली के माध्यम से बक्सर जिला का नक्शा जीविका दीदियों द्वारा तैयार कर ड्रोन के माध्यम से क्लिक करना एवं बैलून कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय परिसर अवस्थित पार्क में किया गया। जीविका दीदियों द्वारा बनाया गया नक्शा आकर्षण का केन्द्र रहा।

# गांधी नगर में 1.16 करोड़ से होगा पुलिया व अप्रोच रोड का निर्माण

- लोक निर्माण विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने लगाई मुहर
- टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा निर्माण

**केटी न्यूज/बलिया**



वर्ष 2022-23 में लोक निर्माण विभाग ने नगर के गांधी नगर में कटहर नाला पर पुलिया व अप्रोच मार्ग के निर्माण के लिए शासन को 1.16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। शासन ने राज्य योजना सामान्य के तहत स्वीकृति दे दी है। अब इसके निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके निर्माण से नगर के लोगों को सुविधा मिलेगी।

नगर से होकर गुजरने वाले कटहर नाला के दोनों किनारे अब घनी आबादी हो चुकी है। अब इस आबादी को सुविधा देने की कवायद तेज हो गई है। नगर के गांधीनगर से सटे कटहर नाला का बहाव है। इस क्षेत्र में रेलवे के लिए कटहर नाला पर पुल है जिसका आबादी के लोग कभी कभार आने-जाने के लिए उपयोग भी करते हैं। इससे खतरा बना रहता है। लोक निर्माण विभाग ने अब गांधीनगर में पुलिया निर्माण कराने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार परमंदापुर होकर टीडी कॉलेज जाने वाली सड़क को चित्तू पांडेय चौराहा कचहरी मार्ग को पुलिया के सहारे जोड़ने की तैयारी है। कटहर नाला पर पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए शासन को 116 लाख का प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है जो जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए नौ माह की समय सीमा निर्धारित की गई है।

### नगरवासियों को जाम से मिलेगी राहत

कटहर नाला पर पुलिया व एप्रोच बन जाने से चितू पांडेय चौराहा-कचहरी मार्ग से परमंदापुर होते हुए टीडी कॉलेज, विकास भवन, कृषि भवन आदि जाना काफी आसान हो जाएगा। यह मार्ग एक तरह से बाईपास का कार्य भी करेगा। क्योंकि कचहरी मार्ग पर आए दिन जाम भी लगता है।

### क्या बोले अधीक्षण अभियंता

लोक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता सीपी गुप्ता ने बताया कि गांधीनगर में पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही कार्यदायी संस्था का चयन किया जाएगा।

# 28 लाख रुपये से होगा दोहरीघाट मुक्तिधाम पर अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण व सुंदरीकरण

**केटी न्यूज/मऊ**



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा ने नगर विकास विभाग द्वारा दोहरीघाट मुक्तिधाम पर अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण व सुंदरीकरण के लिए 28 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। जिसका स्थलीय निरीक्षण करने के लिए आज नगर विकास विभाग की टीम अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार के नेतृत्व में पहुंचकर स्थान का निरीक्षण कर जेई अशरफ द्वारा मैपिंग किया गया ।सर्वे टीम ने बताया कि वर्षा और धूप में खुले में शवो को जलाने में हो रही परेशानी को देखते हुए वहा बड़ा टिन शेड व शव जलाने के लिये प्लेटफार्म तथा पेयजल व शौचालय का निर्माण किया जाएगा। मालूम हो कि दिसम्बर महीने में अपने बड़े भाई के अन्त्येष्टि में कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा मुक्ति धाम पर आये थे और लोगो को खुले में शवों को जलाते हुए और भारी भीड़ देख कर लोगो के परेशानी से अवगत हुए थे और अपने विभाग द्वारा धन देकर निर्माण कराने का आश्वासन दिया था।कैबिनेट मंत्री द्वारा जनहित में कार्य को मंजूरी प्रदान की गयी इस मौके पर सुशान्त तिवारी लिपिक,वीरेंद्र मौर्य,प्रतीक मिश्र, जेई सी पी दुबे,पूर्वचेयरमैन गुलाब चंद गुप्त,संतोष राय, पंकज गुप्ता,नीरज साहू,आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के लट्डूडीह गांव में मामा के घर आए गोलू ( ढाई ) वर्ष की मौत शुक्रवार को रेल पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। संतु पासवान की बेटी पूजा की शादी मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के केशवपुर निवासी ब्रजेश पासवान के साथ हुई थी। एक वर्ष पूर्व से वह अपने मायके लट्एठूडीह गांव में अपने पिता संतु पासवान के घर रहती थी। पूजा का ढाई वर्ष का बेटा खेलते हुए रेल पटरी के पास पहुंच गया। जिसे पास खड़े बच्चों ने ट्रेन की आवाज सुन बचाना चाहा, लेकिन तब तक बच्चा ट्रेन की चपेट में आ गया।

### संदिग्ध स्थितियों में अधेड़ की मौत

**चितबड़ागांव, बलिया।** थाना क्षेत्र के टीका देवरी गांव निवासी रमेश पासवान 45 वर्ष की शुक्रवार की सुबह 7 :00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश पासवान पुत्र लखीचंद पासवान निवासी टीका देवरी सुबह शौच कर के घर आया और कुछ देर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता लखीचंद पासवान ने चितबड़ागांव पुलिस को दी गई तहरीर में यह बताया है कि रमेश सुबह शौच कर के आया और घर के अंदर बैठा। बैठने के कुछ देर बाद ही वह एक तरफ लुढ़क गया। आनन-फानन में उसे चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### बच्चों के विवाद में मारपीट, एक गंभीर

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय गांव के उत्तर टोला में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। गहमर गांव के उत्तर टोला ( साईं के बेर) के रहने वाले अमरजीत चौहान पुत्र गुड्डू चौहान ने गहमर थाने में तहरीर दी है। उनके पट्टीदार का लड़का यशवंत चौहान पुत्र सुमन्त चौहान उनको गाली गुप्ता देने के साथ मारपीट करने लगा। झगड़े में उसका हाथ टूट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त :** बच्चों की पढ़ाई बाधित, पीने के पानी के लिए भटक रहे लोग

# बिजली कर्मियों की हड़ताल से जल संकट गहराया, शो-पीस बने विद्युत उपकरण





**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

यूपी में बिजली कर्मियों के चल रहे तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद गाजीपुर में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। कई उपकेंद्रों पर विद्युत कर्मी उप केंद्र छोड़कर फरार हो गए हैं, जहां राजस्व कर्मियों एवं पुलिस विभाग की ड्यूटी लगाई गई है।

ज्ञात हो कि बिजली कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 72 घंटे का सांकेतिक हड़ताल किया जा रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली के साथ ही पानी संकट भी गहरा गया है। जलापूर्ति न होने से पानी के लिए हाहाकार मचा है। अगर तत्काल विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो संकट और गहरा सकता है। सेवराई तहसील में बिजली कटौती के बाद लोगों द्वारा बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर उप केंद्र पर तैनात कर्मचारियों एवं लोगों में जमकर तू-तू मैं-मैं हो रही है। इसके कारण कई उप केंद्र पर गुरुवार की शाम से ही कर्मचारी उपकेंद्र छोड़कर फरार हो गए हैं।

शासन द्वारा राजस्व कर्मियों पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन बिजली संबंधी कोई जानकारी न होने के कारण यह लोग विद्युत आपूर्ति नहीं दे पा रहे हैं। शुक्रवार की सुबह एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद द्वारा तहसील क्षेत्र के सभी उप केंद्रों का निरीक्षण किया गया। मां कामाख्या धाम, बारा, भदौरा सहित कई उप केंद्रों से शुक्रवार की रात से ही विद्युत आपूर्ति ध्वस्त है। बिजली न आने से जहां लोगों के घरों का इनवर्टर डिस्चार्ज हो गया है, वहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं।

- सेवराई तहसील में बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर उप केंद्र पर तैनात कर्मचारियों एवं लोगों में जमकर तू- तू मैं-मैं होती रही
- गुरुवार की शाम से ही कई कर्मचारी उपकेंद्र छोड़कर हो गए हैं फरार

### गाजीपुर डीएम व एसपी ने विद्युत सब-स्टेशनों का निरीक्षण कर ली जानकारी

विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल के मद्देनजर विद्युत उपकेंद्र एवं संयंत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनपद के विद्युत सब- स्टेशनों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान उपस्थित सब स्टेशन प्रभारियों को अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने एवं किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इस पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि यदि कहीं से फॉल्ट की शिकायत मिलती है, तो वहां तत्काल कर्मचारियों को भेजकर फॉल्ट ठीक कराया जाए, जिससे जनसामान्य को कोई समस्या उत्पन्न न हो। इसमें किसी प्रकार की लावरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिकायत मिलने के बाद तत्काल निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने-अपने तहसीलों में भ्रमणशील रहेंगे।

### बलिया जिले में 36 घंटे से बिजली गुल, लोग परेशान

**बलिया।** विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में सभी तरह के कर्मियों की ओर से कार्य बहिष्कार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी है। इसके चलते अब पूरे जनपद में विद्युत आपूर्ति धीरे-धीरे लड़खड़ाने लगी है। जिला मुख्यालय पर जहां 36 घंटे से बिजली गुल है। वहीं अब धीरे-धीरे अन्य इलाकों में भी आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। उधर जिला प्रशासन ने भी वैकल्पिक व्यवस्था रखी है और सभी उपकेंद्रों पर पुलिस की तैनाती की गई है। इसके अलावा एक निजी कंपनी के कर्मियों को भी उपकेंद्र संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

15 सूत्री मांगों को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बुधवार से ही कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। यह आंदोलन विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि इन्हीं मांगों को लेकरे चार माह पहले हुए आंदोलन के दौरान ऊर्जा मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं किया गया। उधर, दूसरे दिन कर्मियों के कार्य बहिष्कार के बीच बिजली की आपूर्ति जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाके तक चरमराने लगी। कर्मियों के रात 10 बजे से हड़ताल पर जाने की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सभी एसडीएम को मॉनीटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। आईटीआई उत्तीर्ण तकनीकी दक्षता वाले करीब 100 छात्रों को उपकेंद्रों पर तैनात किया गया है। प्रत्येक उपकेंद्र पर दो छात्र तैनात हैं और इनकी सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। जिले में स्थित 132 केवीए के पांच पावर हाउस पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की गई है। हालांकि इसके बावजूद बिजली आपूर्ति जहां चल रही है वह तो चल रही है लेकिन किसी फॉल्ट से बंद हो जा रहा वहां की आपूर्ति बहाल नहीं हो पा रहा है। आलम यह है नगर के विशुनीपुर विद्युत उपकेंद्र से आधी रात से ही बिजली की आपूर्ति ठप है। इसके अलावा न्यू सिविल लाइन उपकेंद्र से भी आपूर्ति शाम को ठप हो गई। नगर में आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को खासकर पानी के लिए परेशान होना पड़ा। इसके अलावा पड़ रही गर्मी के कारण लोग परेशान रहे। पूरे दिन प्रशासनिक अधिकारी उपकेंद्रों का चक्रमण करते रहे।

**तकनीकी फाल्ट कर फरार हुये विद्युतकर्मी, हांफता रहा प्रशासन:** बिजली कर्मियों की 72 घंटे की हडताल के चलते आपूर्ति ठप हो गयी है। नगरा विद्युत उपकेंद्र से जुडे फीडरों से आपूर्ति गुरुवार की रात से ही बाधित है। जिसे ठीक कराने के लिये प्रशासनिक अमला हांफता नजर आया। प्रशासनिक अधिकारी कर्मियों को ढूढते रहे। इधर विद्युतकर्मी ब्रेकर आउट गोइंग में तकनीकी फाल्ट कर भूमिगत हो गये हैं।

#### क्या बोले एसडीएम

एसडीएम प्रशांत नायक ने बताया कि सभी उपकेंद्रों पर सुरक्षाकर्मियों के साथ ही आईटीआई के दो छात्रों को तैनात किया गया है। उपकेंद्रों की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। प्रयास है कि आपूर्ति बहाल रहे।

## एक नजर

### अभियुक्तों की जमानत पर पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने खड़ा किया सवाल

**बलिया।** अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने नंदलाल गुप्ता प्रकरण में अभियुक्तों की जमानत में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ताओं की चल रही हड़ताल के दौरान जेल के कई कैदियों ने अपनी जमानत पर स्वयं बहस करने के लिए जेल अधीक्षक बलिया को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया किंतु जेल अधीक्षक ने मिलीभगत कर मात्र नंदलाल गुप्ता प्रकरण के अभियुक्तों के प्रार्थना पत्र ही कोर्ट को अग्रसारित किए। अधिकार सेना ने डीएम बलिया से इन आरोपों की जांच और समुचित कार्यवाही नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की बात कही है।

### अधेड़ की हत्या मामले में 3 लोगों पर मुकदमा

**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द गांव में जमीनी विवाद को लेकर अधर की हत्या के मामले में नरही थाना पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी है। पिपरा खुर्द निवासी कौलेश्वर राजभर 48 वर्ष से आबादी की जमीन को लेकर पुष्पेन्द्र जो टेलर की दुकान चलाता है, विवाद चल रहा था बृहस्पतिवार की देरशाम को दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान कौलेश्वर के सीने में कैंची पुष्पेन्द्र के तरफ से घोंप दिया गया। इस मामले में कौलेश्वर सर की मौके पर ही मौत हो गई थी। नरही थाना पुलिस ने मामले में मकसूदन, पुष्पेंद्र व सुनील राजभर के खिलाफ धारा 302 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी है।

### मऊ में दो बाइक के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**मऊ।** मोहम्मदाबाद -मऊ मार्ग पर स्थित शेख अहमदपुर ईट भट्ठा के निकट शुक्रवार को दोपहर में दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की हुई टक्कर में चार लोगों को गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 नंबर की एंबुलेंस में चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर इलाज हेतु भर्ती कराया गया । चारों के सर में गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेख अहमदपुर के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार 22 वर्षीय सुधांशु एवं उसकी बड़ी बहन 35 वर्षीय गीता तथा छोटी बहन 19 वर्षीय रीशू पुत्री हरिश्चंद्र किसी कार्य हेतु ग्राम फुलवरिया थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ़ से मऊ की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से अलग मोटरसाइकिल से जा रहे 28 वर्षीय प्रदीप पुत्र हरिश्चंद्र नाम पता अज्ञात जो मऊ से मोहम्मदाबाद की तरफ आ रहे थे कि अचानक तेज गति होने के कारण दोनों मोटरसाइकिल सवार आपस में भिड़ गए। एंबुलेंस ने इन चारों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन चारों को गंभीर चोट जाने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।



### कम राशन देने के मामले में कोटेदार के खिलाफ जांच, दो दर्जन ग्रामीणों ने दर्ज कराया बयान

**मऊ।** कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के पारा मुबारकपुर गांव के राशन की दुकान पर राशन वितरण के दौरान कोटेदार द्वारा किए जा रहे धांधली और कम राशन देने पर ग्रामीणों ने अक्रोस है।ग्रामीणों की शिकायत के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी । विभाग के पूर्ति अधिकारी शरद कुमार सिंह ने गांव के पंचायत भवन पर सुभावती ,सुभाष, रीना ,मंजू ,सुगिया, लक्ष्मीना बहादुर ,शमशेर समेत करीब 2 दर्जन ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई । शिकायत के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड पर 3 किलो राशन कम दिया जाता है। जबकि अंत्योदय कार्ड धारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार 3 किलो चीनी न देकर केवल 2 किलो ही चीनी दिया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार के शिकायत पर कोटेदार दबंगई और धमकी देता है। जिसके बाद ग्रामीणों ने व उप जिला अधिकारी को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की थी। जांच के दौरान पूर्ति विभाग के निरीक्षक ने बताया कि कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप की लिखित शिकायत दर्ज कर ली गई है ।

### तेजपुरा व तवकक्लपुर गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन, लोगों की सुनी गई समस्याएं

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के तेजपुरा व तवकक्लपुर उर्फ डंडापुर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय तवक्लपुर उर्फ डंडापुर में नोडल अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनते हुए समाधान कराया। इस दौरान 30 ग्रामीणों से सरकारी योजना व विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं की जानकारी देते हुए गहनता से जानकारी ली। शासन की ओर से पंचायतों में संचालित सभी योजना आवास पात्रता सूची, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय आदि की विस्तृत जानकारी दी। पशु चिकित्सक डा.चन्द्रकांत सिंह ने पशुपालकों को सुझाव और सलाह देते हुए योजनाओं की जानकारी दी तथा पशु बीमा योजना पर बल दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मंजू यादव, वीरेन्द्र यादव, सचिव सुनील कुमार कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। तेजपुरा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सचिव मयंकधर राय ने 25 ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसके निराकरण पर बल दिया।

**कृषि विज्ञान केन्द्र पीजी कालेज गाजीपुर के प्रांगण में 20 मार्च होगा एग्रोक्लाईमेट कृषि निवेश मेला का आयोजन**

# रबी फसल के लिए कृषकों को नवीन तकनीक की दें जानकारी : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी ने समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें निर्देश दिया है कि कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद में प्रस्तावित सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2022-2023 के अन्तर्गत रबी 2022 में कृषकों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी देने के लिए प्रचार- प्रसार के विभिन्न माध्यमों से कृषकों को जागरूक किया जाना है। इसके लिए जनपद के सदर विकास खंड के कृषि विज्ञान केन्द्र पीजी कालेज गाजीपुर के प्रांगण में एक दिवसीय एग्रोक्लाईमेट कृषि निवेश मेला का आयोजन 20 मार्च 2023 को किया जाना है।

उक्त मेला में विकास खंड अंतर्गत आने वाले सभी गावों के किसान कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, विद्युत, एग्रो आदि विभाग के अधिकारियों, बैंकर्स, एनजीओ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक भाग लेंगे। उक्त मेला के प्रभावी आयोजन के निम्न दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। इन गोष्ठियों/कृषि निवेश मेलों में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों जैसे- मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रधान एवं अन्य जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। मेलों के आयोजन में कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, इफको, कृषकों, इंडोगल्फ आदि उर्वरक कम्पनियों के कृषि वैज्ञानिक विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उर्वरक कंपनियां, बीज उत्पादक कम्पनियां, कृषि रसायन उत्पादक कम्पनियां, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि से सम्बन्धित समस्त विभाग अपना स्टाल लगाएं एवं पंजिक रखेंगे। जिसमें कृषकों द्वारा दिए गए सुझाव अंकित किए जाएंगे। किसान मेलों में कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेगें।

### मेले में विभिन्न कंपनियां लगाएंगी अपने स्टॉल

कृषि निवेश मेलों में यूपी एग्रो, बीज विकास निगम, कृषि उपकरण बनाने वाली कम्पनियां स्प्रिंकलर, डिप सिचाई सोलर पम्प कम्पनियाँ आदि भी अपने - अपने स्टाल लगाएंगी। किसान मेलों में कृषि विभाग के साथ-साथ, सहकारिता, एग्रो, पीसीएफ विभाग अपने निवेशों को बिक्री उपलब्ध करायेंगे। इसके साथ ही साथ विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले गोष्ठियों / कृषि निवेश मेंले से संवन्धित विकास खण्ड के निजी निवेश आपूर्तिकर्ता भी अपने से संवन्धित निवेशों को बिक्री के लिए उपलब्ध कराएगें। निवेशों पर अनुदान की सुबिधा है वह किसानों को अनुदान के रूप में उपलब्ध करायेगें। इसके लिए जिला कृषि अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। किसान मेलों में जनपद के आत्मा के समूह, एनजीओ तथा कृषि से सम्बन्धित अन्य कम्पनियां अपनी उत्पादों के स्टाल लगाएगे। गोष्ठियों / मेंलों में संबन्धित विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का प्रचार -प्रसार कराया जाएगा। किसान मेलों का व्यापक प्रचार प्रसार, होर्डिंग, समाचार पत्रों, रेडियों, माइक द्वारा एवं लिफलेट बटवाकर कराया जाय। विकास खण्ड स्तरीय मेलों के आयोजन की सूची विकास खण्ड पर रहनी चाहिए। कृषि निवेश मेलों में किसानों की मौखिक एवं लिखित शिकायते प्राप्त की जायेगी तथा इसका विवरण शिकायत पंजिका में अंकित किया जायेगा। प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के प्रमुख अधिकारी यथा सम्बन्धित निराकरण करेगें। कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही आत्मा योजनान्तर्गत फार्म स्कूलों के एचीवर कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित कि जाय ताकि वे मेले में अपने अनुभवों को अन्य कृषकों के साथ बाट सकें।